हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शनिवार, 8 नवंबर, 2025


तापमान

अधिकतम 28.4 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री


14 स्टॉक रिकॉर्ड और गोदाम के रजिस्टर में मिली गड़बड़ी



14 महापंचायत ने महाराजा शूरसैनी जयंती का न्योता दिया




## खबर संक्षेप

### जनजाति गौरव दिवस 16 को मनाया जाएगा

**हिसार।** वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा में 16 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संदर्भ में बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार किया गया। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामबाबू सिंगल, क्षेत्रीय नगरीय कार्य प्रमुख जयभगवान, प्रदेश सचिव रामनिवास अग्रवाल सीए, जिला अध्यक्ष संजीव अरोड़ा, कोषाध्यक्ष पर्व गुप्ता, सचिव अजय सैनी, उपाध्यक्ष बजरंग व ईश्वर सैनी,आदि उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर 4 पुलिस कर्मी सम्मानित

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने शुक्रवार को सर्वश्रेष्ठ इनाम योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार पुलिस कर्मचारियों सब इंस्पेक्टर प्रेम सिंह, एएसआई सुभाष, एएसआई सतीश एवं सिपाही कपिल को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित कर्मियों ने उल्लेखनीय कार्य कर पुलिस विभाग का गौरव बढ़ाया है। सब इंस्पेक्टर प्रेम सिंह, सुभाष एवं सतीश ने नशे के ओवरडोज से युवक की मृत्यु मामले में दो महिला आरोपियों की गिरफ्तारी की थी।

### कबड्डी में भिवानी रोहिल्ला ने मुकलान को हराया

**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। यह आयोजन मेरा युवा भारत हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान एवं ग्राम पंचायत भिवानी रोहिल्ला के सहयोग से किया गया। प्रतिभागियों ने जमकर अपनी प्रतिभा दिखाई। लड़कियों की कबड्डी प्रतियोगिता में भिवानी रोहिल्ला ने मुकलान को हराया। रस्साकसी में भिवानी रोहिल्ला ने विकास डिफेंस स्कूल स्पोर्ट्स एकेडमी धीरणवास को हराकर बाजी मारी।

### स्वयं ने ओलम्पिक खेलों में जीता कांस्य पदक

**हिसार।** पंचकूला में हुई पांच दिवसीय हरियाणा ओलम्पिक बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता में स्थानीय शटल मास्टर बैडमिंटन एकेडमी के खिलाड़ी स्वयं सैनी ने बैडमिंटन एकल खेल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर अपना व एकेडमी का नाम रोशन किया है। स्वयं सैनी इससे पहले भी अनेक मैडल अपनी झोली में डाल चुका है। एकेडमी के कोच साहिल थरेजा ने स्वयं सैनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ओशो ध्यान उपवन में की पुस्तकालय की स्थापना

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में गुरु नानक देव जी पुस्तकालय की स्थापना की गई है। गुरु नानक की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए इस पुस्तकालय को स्थापित किया गया है। ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय ने बताया कि यहां पर साधक आध्यात्मिक पुस्तकें निशुल्क पढ़ पाएंगे। इसके साथ ही ध्यान व प्रेम पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन 9 नवंबर को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। इस ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधक हिस्सा लेंगे।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट चौकी पुलिस ने पुष्पा कॉम्प्लेक्स से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी तोशाम रोड स्थित आटीआई चौक निवासी शिवम उर्फ बूटा को गिरफ्तार किया है। एएसआई प्रदीप ने बताया कि इस संबंध में अर्बन एस्टेट चौकी में 12 क्वार्टर निवासी विकास ने 26 फरवरी को पुष्पा कॉम्प्लेक्स से मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इस पर केस दर्ज करके पुलिस ने उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## शहर के ढाणी श्यामलाल में आरोपियों ने की वारदात

# घर के सामने हुड़दंग करने से रोकने पर सब इंस्पेक्टर की कर डाली हत्या

**पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच को दबोचा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



मृतक सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार।





हिसार। सब इंस्पेक्टर हत्या मामले में पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

रेंज के एडीजीपी कार्यालय की शिकायत ब्रांच में कार्यरत सब इंस्पेक्टर रमेश की कुछ लोगों ने घर पर हमला करके हत्या कर दी। सब इंस्पेक्टर ने अपने घर के सामने हुड़दंग करने का विरोध किया था। इसके बाद कुछ लोग एकत्रित होकर आए और रमेश के घर पर हमला करते हुए उसे ईंट व डंडे मारकर मौत के घाट उतार दिया। लगभग 57 वर्षीय सब इंस्पेक्टर रमेश की जनवरी में रिटायरमेंट होनी थी। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई कर ते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मामले के अनुसार गुरुवार देर रात लगभग 11.30 बजे एक आरोपी रमेश के आवास के पास शहर की ढाणी श्यामलाल में हुड़दंग कर रहा था। रमेश ने इसका विरोध करते हुए उसे रोका और ऐसा न करने को कहा। कुछ देर बाद आरोपी अपने कुछ साथियों के साथ वहां आया और यह वारदात कर डाली। चीख पुकार सुनकर परिवार के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और हमलावरों का पीछा किया, लेकिन वे भागने में कामयाब हो गए। बुरी तरह से घायल रमेश को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दौरान आरोपी मौके पर कार व दो दोपहिया वाहन छोड़कर भाग गए। घटना के बाद एडीजीपी केके राव, एसपी शशांक कुमार सावन व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जायजा लिया।

### ये आरोपी किए गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने पत्रकार वार्ता में बताया कि ढाणी श्यामलाल में पुलिस सब इंस्पेक्टर की हत्या मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें ढाणी श्यामलाल निवासी महेन्द्र उर्फ गब्बर व सुभाष उर्फ साहिल, मिलगेट विनोद नगर निवासी प्रवीण, तिलक नगर निवासी जतिन व मुलतानी चौक निवासी नरेन्द्र शामिल है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार गुरुवार रात लगभग 10:30 बजे, ढाणी श्यामलाल में कुछ लोग शराब पीये हुए गली में खड़े होकर गाली-गलौच कर रहे थे। सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने उन्हें रोका तो वे एक बार तो चले गए लेकिन लगभग 20–30 मिनट बाद पुनः कई अन्य व्यक्तियों के साथ वापस आए और सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार और उसके भतीजे अमित कुमार पर हमला कर दिया। हमले के दौरान सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से प्रहार किया।

### पुलिस पीड़ित परिवार के साथ : एसपी

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक रमेश के परिवार में उनकी पत्नी के अलावा दो लड़कियां और एक लड़का है। पुलिस विभाग इस दुख को घड़ी में मृतक उप निरीक्षक रमेश के परिवार के साथ है। परिवार की विभाग द्वारा हर संभव मदद की जाएगी।

### पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है प्रारंभिक निरीक्षण में मृतक के सिर पर एक मुख्य चोट है, जिसके कारण मृत्यु संभावित है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पूरी स्थिति स्पष्ट होगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस हिरासत के दौरान आरोपी महेंद्र उर्फ गब्बर ने भागने का प्रयास किया, जिस कारण उसे चोट लगी और उसका हाथ टूट गया और आरोपी नरेंद्र और सुभाष का पैर टूट गया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और इस प्रकार की घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### घटनास्थल का दौरा किया

घटना की सूचना मिलते ही एडीजीपी केके राव और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक के भतीजे अमित कुमार के बयान पर थाना एचटीएम में 10 नामजद सहित अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करके इन पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त गाड़ी और दो स्कूटी बरामद की है।

## वंदे मातरम् केवल गीत नहीं यह राष्ट्र की आत्मा : रणबीर





हिसार। वंदे मातरम् स्मरण उत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देते प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

- वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय स्मरण उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा और विशिष्ठ अतिथि डॉ. कमल गुप्ता ने मां सरस्वती और भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें उन्होंने वंदे मातरम् के माध्यम से देशभक्ति, एकता और राष्ट्र गौरव के संदेश को पुनः स्मरण करने का आह्वान किया। जिला स्तरीय स्मरण उत्सव के दौरान वंदे मातरम् गीत की धुन पर उपस्थित जनों ने राष्ट्रीय गीत का सामूहिक उच्चारण किया।

अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की आत्मा, हमारी अस्मिता और हमारी संस्कृति का प्रतीक है। गुरू गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय से विकास, जिला कल्याण केंद्र के श्रवण एवं वाणी दिव्यांग बच्चों की टीम, महिला आईटीआई की टीम, पीएमश्री स्कूल गंगवा के विद्यार्थियों, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा कैप्टन आरसी हाई स्कूल के बैंड की धुन ने लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का समापन हरियाणा के राज्य गीत के साथ किया गया।

### कार्यक्रम के दौरान ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी, जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, अशोक मित्तल, संजीव रेवड़ी, आशीष जोशी, एसडीएम ज्योति मित्तल, सीटीएम हरिराम, तहसीलदार डॉ. अनिल, डीआईओ दीपक भारद्वाज, डॉ. राजेंद्र सेवदा, डॉ. सुखबीर दूहन, डॉ. सरोज, सुनील, राजेंद्र, मामन सिंह, सतीश वर्मा, सुमन चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## वंदे मातरम् गीत स्वतंत्रता संघर्ष के अथाह साहस का प्रतीक : भयाना

- एसडी महिला महाविद्यालय के सभागार में उपमंडल स्तरीय समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



हांसी। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ करते विधायक विनोद भयाना, उनके साथ हैं एसडीएम राजेश खोथ।

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को एसडी महिला महाविद्यालय के सभागार में उपमंडल स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक विनोद भयाना मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम राजेश खोथ ने की।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विनोद भयाना ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, गौरव और स्वतंत्रता संग्राम के अदम्य साहस का प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार गुप्ता, भाजपा प्रवक्ता नेहा धवन, मार्केट कमेटी उपाध्यक्ष सुरजीत गुर्जर, ओमपाल यादव, सुभाष यादव, अनिल कुमार, रवि अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।



हिसार। कार्यक्रम में विचार रखते कैडेट्स।

### वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी ने किया कार्यक्रम

**हिसार।** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी, हिसार ने अपने बटालियन मुख्यालय परिसर में राष्ट्रीय गीत की सामूहिक गायन गतिविधि का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बटालियन के कुल 240 कैडेट्स ने उत्साह एवं गरिमा के साथ सहभागिता दर्ज करवाई। यह कार्यक्रम कमान अधिकारी कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने वंदे मातरम की पूर्ण रचना का शुद्ध उच्चारण एवं स्वर-लय के साथ सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ, जहां सभी कैडेट्स ने मातृभूमि की सम्मान-रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

## 'वंदे मातरम्' गीत का आजादी की लड़ाई में बड़ा योगदान : लोहान

- 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर नारनौंद में समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद



नारनौंद। मार्केट कमेटी के चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान का स्वागत करते हुए अध्यापक।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल संस्कृति विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपमंडल स्तरीय भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मार्केट कमेटी के चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान उपस्थित रहे। समारोह में राष्ट्रीय भावना व सांस्कृतिक गौरव का उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। मुख्य अतिथि मास्टर उदय सिंह लोहान ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'वंदे मातरम' सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम का संघर्ष का प्रतीक है। विद्यालय के प्रिंसिपल जितेंद्र सोनी ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह, प्रिंसिपल अरुण लोहान, अजय लोहान ,अंजना मिगलानी, राजेश कुमार, सतबीर सिंह, आदि मौजूद रहे।

## गणेश मौत केस में पुलिस पर दर्ज एफआईआर रद्द

- पुलिस जांच में यह केस झूठा पाया गया : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

शहर के 12 क्वार्टर क्षेत्र में जुलाई माह में गणेश मौत मामले में लगभग चार माह बाद पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ दर्ज केस को खारिज कर दिया गया है। पता चला है कि पुलिस जांच में यह केस झूठा पाया गया। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस का प्रयास है कि हर पीड़ित को न्याय मिले और किसी के साथ अन्याय न हो। इसी के चलते गणेश मौत मामले में पुलिस कर्मचारियों की शिकायत पर आरोपियों पर केस दर्ज किया गया, वहीं दूसरे पक्ष की शिकायत पर पुलिस के खिलाफ भी शिकायत दर्ज की गई। कर्मचारियों के खिलाफ दी गई शिकायत झूठी पाई गई, जिस पर इसे रद कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक के अनुसार गणेश मौत मामले में कई आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। बता दें कि 7 जुलाई की रात को 12 क्वार्टर एरिया में गली में रास्ता रोककर डीजे बजाने के विवाद में पुलिस के साथ झड़प हुई थी। आरोप है कि हिस्ट्रीशीटर शुभम उर्फ काकू और शिवा उर्फ घोड़ा व 15-20 अन्यों ने डीजे बंद करवाने आई पुलिस पार्टी पर पथराव व गंडासी जैसे खतरनाक हथियारों से जानलेवा हमला हमला कर दिया था। सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंची तो हमलावर युवक इधर-उधर भागने लगे थे।

### दयानंद कॉलेज में गायन कार्यक्रम का आयोजन

**हिसार।** दयानंद कॉलेज में 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष की स्मृति में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा के परिपत्र के अनुसार पूरे राज्य में एक साथ आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों, एनएसएस स्वयंसेवकों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## घर पर हमला करने के मामले में 8 गिरफ्तार

- आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

पड़ाव चौकी पुलिस ने घर पर हमला, पथराव व तोड़फोड़ करने के मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में कुम्हारान मोहल्ला निवासी आकाश ने शिकायत दी थी। चार नवंबर की रात करीब 9 बजे उसके घर के सामने 15-20 युवक हाथों में लाठी-डंडे, तलवार और पिस्तोल लेकर पहुंचे। उन्होंने ने घर का गेट व खिड़की तोड़ दी तथा ईंट-पत्थरों से हमला किया, जिससे शिकायतकर्ता के पैर में चोट आई। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें ढाणी श्यामलाल निवासी रवि उर्फ कालिया, टिब्बा दानाशेर निवासी मनीष उर्फ काली बददी, ढाणी श्यामलाल निवासी सुभाष उर्फ मोगली, यमुनानगर जिले के गांव धोंगड़ निवासी नितिन कुमार, आदमपुर थाना के भाणा गांव निवासी साहिल, कनीना निवासी योगेश, फतेहाबाद जिले के घोटड़ निवासी मोहित व रेवाड़ी के आदर्श नगर निवासी चिराग शामिल है।

## अव्यवस्थाओं के कारण प्रतिभागी दिनभर पैदल ही खाते रहे इधर-उधर धक्के

# गुजवि में 13वें विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव 'प्रबोधिनी' का आगाज

**जम्मू विश्वविद्यालय ने लुधियाना की टीम को हराया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार









हिसार। युवा महोत्सव का उद्घाटन करते मुख्यातिथि डा. अरशिंदर सिंह चावला तथा युवा महोत्सव में प्रस्तुतियां देती छात्राएं।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 13वें विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव 'प्रबोधिनी' का शुक्रवार को विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप खेल स्टेडियम में में रंगारंग आगाज हुआ। महोत्सव में पहले दिन ही अव्यवस्थाओं का आलम रहा। प्रतिभागियों समेत विवि परिसर में आने वाले विद्यार्थियों के वाहनों को विश्वविद्यालय के गेट पर ही पार्किंग में खड़ा करवा दिया गया। महोत्सव के लिए विश्वविद्यालय में अलग-अलग स्थान पर स्टेज बनाए गए थे, जिनकी एक-दूसरे की दूरी काफी अधिक थी। ऐसे में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पैदल ही एक स्टेज से दूसरे स्टेज तक अपनी प्रस्तुतियां देने के लिए धक्के खाने पड़े। विवि के मुख्य गेट पर हालात यह थे कि सुरक्षा कर्मियों के हाथों स्थिति काबू में नहीं आई। उद्घाटन समारोह में हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के निदेशक डा. अरशिंदर सिंह चावला मुख्य अतिथि रहे जबकि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर डा. अरशिंदर सिंह चावला की धर्मपत्नी मीनू चावला, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई व कुलसचिव डा. विजय कुमार की धर्मपत्नी रजनी शर्मा व डीन स्टूडेंटस वेल्फेयर प्रो. एमके शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### कोरियोग्राफी ने दर्शकों को झकझोरा

कोरियोग्राफी की प्रस्तुति के माध्यम से टीम 7 ने दिखाया कि मानसिक रूप से अक्षम बच्चे भी किसी से कम है। टीम ने दिखाया कि मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चा अलग से पढ़ाई करता है और एक दिन बड़ा अफसर बन जाता है। इस कोरियोग्राफी के माध्यम से टीम ने मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को पूरा मौका देना चाहिए, उन्हें सामान्य बच्चों की तुलना में कमजोर समझने की भूल नहीं करना चाहिए। टीम 5 ने वृद्धावस्था में बच्चों द्वारा अनदेखी को बड़ी शानदार तरीके से दिखाया। टीम ने दिखाया कि कैसे एक पिता अपनी बेटी को पढ़ाता है और उसको उच्च शिक्षा के लिए विदेश तक भेजता है।

### तीन दिन चलेगा युवा महोत्सव

छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एमके शर्मा ने संबोधन में युवा महोत्सव की तीन दिन तक चलने वाली गतिविधियों का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव में 46 विधाओं में प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। समारोह में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर वंदे मातरम का गायन भी किया गया। सांस्कृतिक मामलों की निदेशिका डा. तरूणा ने धन्यवाद किया जबकि संचालन डा. गीतू धवन तथा डा. पल्लवी ने किया। उद्घाटन समारोह शुरु होने से पहले शानदार शोभा यात्रा निकाली गई।

### सात मंचों पर हुए युवा महोत्सव के कार्यक्रम

युवा महोत्सव के दौरान शुक्रवार को महाराणा प्रताप स्टेडियम में कल्चरल प्रोसेशन एवं उद्घाटन के बाद क्लासिकल डांस सोलो व कोरियोग्राफी विधाओं का आयोजन किया गया। मेन हॉल में वन एक्ट प्ले (संस्कृत), मिमिक्री व माइम विधाएं हुई। मयूर रंग मंच पर हरियाणावी ओरकेस्ट्रा, फॉक इंस्ट्रूमेंटल (हरियाणवी) सोलो व स्वांग की प्रस्तुतियां दी गई। सेमिनार हॉल शिक्षण खंड-4 में वैस्ट्रन वोकल सोलो, वैस्ट्रन इंस्ट्रूमेंटल सोलो, ग्रुप सॉंग वैस्ट्रन, फॉक सॉंग हरियाणवी सोलो व ग्रुप सॉंग हरियाणवी विधाएं हुई।

